हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 29 जुलाई 2025, समय 1810 (10 मिनट)

मुख्य समाचार :-

- संसद के दोनों सदनों में ऑपरेशन सिन्दूर पर चर्चा जारी| गृह मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान को माकूल जवाब देने के लिए भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना की|
- श्री शाह ने विपक्ष पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया|
- कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज चौहान ने कहा है कि किसानो की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी सहित 6 उपाए किए हैं|
- भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने लोकसभा में ऑपरेशन सिन्दूर पर चर्चा के दौरान विपक्षी पार्टियों के रवैये की आलोचना की|
- हरियाणा में अध्यापक पात्रता परीक्षा एचटेट कल व परसों ली जाएगी| परीक्षा केंद्रों पर चाक- चौबंद व्यवस्था की गई|

**********************************************************************

संसद के दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा जारी है। आज गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि कल ऑपरेशन महादेव के दौरान भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकवादी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को र कर दिया।

अमित शाह-ऑपरेशन महादेव

*ऑपरेशन महादेव कल एक हुआ है, इसकी जानकारी देना चाहता हूं। माननीय अध्यक्ष जी कल ऑपरेशन महादेव में सुलेमान उर्फ फैजल, अफगान और जिब्रान*

*तीन आतंकवादी सेना सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के संयुक्त अभियान में ऑपरेशन महादेव में मारे गए। माननीय अध्यक्ष जी ये जो सुलेमान है ये ए श्रेणी का लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर था पहलगाम हमले में और गगनगीर आतंकी हमले में वो लिप्त था*

श्री शाह ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष पर्यटकों को उनके परिवारों के सामने बेरहमी से मारा गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ संकल्प के साथ जवाबी कार्रवाई की और ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक पूरा किया। श्री शाह ने भारतीय सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने आतंकवादियों का सफाया किया।

अमित शाह -Forces

*मैं आज इस सदन के माध्यम से सेना के पैराफोर्स, सीआरपीएफ के सारे जवान जो अभियान में शामिल थे और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जो जवान थे वो सभी को सदन और पूरे देश की ओर से बहुत-बहुत साधुवाद देना चाहता हूं।*

श्री शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर 7 मई को शुरू किया गया और रात एक बजकर चार मिनट से एक बजकर चौबीस मिनट के बीच इसे संचालित किया गया। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन में पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया गया और 100 से ज़्यादा आतंकवादी मारे गए। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति अपनाती है।

गृहमंत्री ने पूर्व गृहमंत्री पी. चिदंबरम की भी आलोचना की, जिन्होंने आतंकवादियों के पाकिस्तान से होने का सबूत मांगा था और पाकिस्तान को क्लीन चिट दे दी थी।

अमित शाह -चिदंबरम

*ये कहते है कि पाकिस्तानी नहीं थे इसका मतलब पूरी दुनिया के सामने इस देश का एक पूर्व गृहमंत्री पाकिस्तान को क्लीन चिट दे रहा है। श्री चिदम्बरम अगर पाकित्स्तानी आतंकवादी नहीं थे, तो पाकिस्तान पर हमला क्यों किया, वो भी सवाल खड़ा कर रहे हैं और इस देश का गृह मंत्री जो कांग्रेस पार्टी से आता है वो कहता है कि क्या सबूत, पाकिस्तान को बचाने का इनका एक षडयंत्र आज 130 करोड़ लोग जान गए।*

श्री शाह ने विपक्ष पर इस मुद्दे पर राजनीतिकरण करने का भी आरोप लगाया।

*************************************************************

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केंद्र सरकार ने पिछले दस वर्षों में किसानों की आय और खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक उपाय किए हैं। श्री चौहान आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा –

उन्होंने कहा कि देश में खाद्यान्न उत्पादन 2013-2014 के 246 मिलियन टन से बढ़कर अब 353 मिलियन टन हो चुका है। कृषि मंत्री ने यह भी बताया कि दालों का उत्पादन भारत में 2013-2014 के 16 मिलियन टन से बढ़कर 25 मिलियन टन से अधिक हो गया है।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए छह उपाय किए हैं। उन्होंने बताया कि इनमें उत्पादन बढ़ोतरी, लागत में कमी, नुकसान की भरपाई और उपज का उचित मूल्य प्रदान करना शामिल है। किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र का बजट भी यूपीए सरकार के 27 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर एनडीए सरकार के तहत एक लाख 27 हजार करोड़ रुपये हो गया है।

***************************************************************

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने आज कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को लेकर लोकसभा में चल रही बहस में विपक्षी पार्टियों का रवैया सामने आया है। वे पंचकूला स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में जिला व मंडल अध्यक्षों की बैठक ली के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। श्री बडौली ने कहा -

मोहन लाल-ए
उन्होंने कहा की भाजपा सरकार हर आतंकी कार्रवाई का पाकिस्तान को माकूल जवाब देती है।

मोहन लाल -बी
प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि आज की बैठक में जिला ,मंडल व बूथ स्तर पर नियुक्त नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई हैं।पंचकुला में 9 मंडलों का गठन हुआ है । नई कार्यकारिणी के साथ पहली प्रदेश के सभी 26 हजार 629 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना व देखा गया। इसी प्रकार 26 व 27 जुलाई को हुई सीईटी की परीक्षा में परीक्षार्थियों को परिवहन की सुविधा मुहैया करवाकर सरकार ने बेहतरीन कार्य किया है। इसी प्रकार भारतीय जनता पार्टी सेवा ही में गठन मूल मंत्र पर चलते हुए हेल्प डेस्क लगाकर जनता की मदद की।

उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का अगर किसी परिवार को लाभ नहीं मिला है तो उसे दिलवाने का काम भी किया जाएगा।सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी में कोई ना कोई जिम्मेदारी अवश्य दी जाएगी।

*****************************************************************

भिवानी स्थित हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा कल व 31 जुलाई को होने वाली अध्यापक पात्रता परीक्षा-एचटेट के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ पवन कुमार ने आज भिवानी में मीडिया को बताया -

डॉ पवन कुमार
उन्होंने कहा कि नियंत्रण कक्षों से  ए.आई. तकनीक से युक्त सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा केंद्रों की लाइव निगरानी की जाएगी।

बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि एचटेट परीक्षा के सफल संचालन हेतु अधिकारियों
व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। ड्यूटी में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा  केन्द्रों पर चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है।